पत्र संख्या–26/विविध–06–60/2025............................../

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

## आदेश

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान परिक्षेत्राधीन सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज के अंतर्गत दुलारपुर वितरणी एवं इसके वितरण प्रणाली तथा गोपालगंज वितरणी एवं इसकी वितरण प्रणाली तथा मढ़ौरा शाखा नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली का पुनर्स्थापन कार्य एकरारनामा सं0–01SBD/2014-15 दिनांक–09.12.2014 (ग्रुप सं0–02) के तहत संवेदक वैभव कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–सरेया, पो+जिला–गोपालगंज, बिहार, पिन–841428 को आवंटित किया गया।

कार्य की भौतिक प्रगति धीमी तथा ओ0आई0एस0 के अनुरूप नहीं रहने के कारण मुख्य अभियंता, सिवान के पत्रांक–1399 दिनांक–24.05.2025 से स्पष्टीकरण किया गया। उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा उनके पत्रांक–BCPL/WRD/Siwan/03 दिनांक–03.06.2025 से स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर समर्पित करते हुये विभागीय पत्रांक–201, 202 दिनांक–14.03.2016 उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। मुख्य अभियंता, सिवान के पत्रांक–1543 दिनांक–04.06.2025 से संवेदक को उक्त पत्र उपलब्ध करा दिया गया। संवेदक द्वारा उनके पत्रांक–BCPL/WRD/Siwan/04 दिनांक–12.06.2025 से स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर पुनः उपलब्ध कराया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित उक्त दोनों पत्र पर अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता से मंतव्य की मांग की गयी। तदालोक में अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा के पत्रांक–2305 दिनांक–27.08.2025 द्वारा कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने के कारण संवेदक को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने हेतु अनुशंसा किया गया। उक्त के आलोक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान के पत्रांक–3497 दिनांक–12.12.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गई।

विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद संवेदक द्वारा ओ0आई0एस के अनुरूप निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति काफी कम है। कुल– 47 अद्द नहरों में मिट्टी कार्य/पी0सी0सी0 लाईनिंग एवं संरचना का कार्य किया जाना है, जिसके विरूद्ध मात्र 02 अद्द नहरों में पी0सी0सी0 लाईनिंग का कार्य किया जा रहा है और किसी प्रकार की संरचना का कार्य नहीं किया जा रहा है।

कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण करने हेतु संवेदक द्वारा सम्यक प्रयास नहीं किया गया। जिससे दिनांक–12.12.2025 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 42.63 प्रतिशत हीं रही, जो वर्क प्रोग्राम के अनुसार समानुपातिक नही है।

कार्य को गुणवत्ता एव विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण नही करना संवेदक की कर्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की मंशा को परिलक्षित करता है। उक्त के लिए संवेदक वैभव कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–सरेया, पो+जिला–गोपालगंज, बिहार, पिन–841428 को डिबार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में इस कार्य को पूर्ण होने तक संवेदक वैभव कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–सरेया, पो+जिला–गोपालगंज, बिहार, पिन–841428 (निबंधन सं0–04/2012, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :–26/विविध–06–60/2025 पटना/दिनांक :.........................................

प्रतिलिपि :– वैभव कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, ग्राम–सरेया, पो+जिला–गोपालगंज, बिहार, पिन–841428 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांकः–26/विविध–06–60/2025 पटना, दिनांक :.........................................

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधानसचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26/विविध–06–60/2025 पटना, दिनांक :.........................................

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामाग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26/विविध–06–60/2025 पटना, दिनांक :.........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान को पत्रांक–2597 दिनांक–29.08.2025 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–60 / 2025 202 पटना, दिनांक : 12/01/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रषित।

12/01/26.

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।